श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी 4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/48/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2022-23 दिनांक 22.09.2022

शास्त्री/बी.ए. योग पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित प्रवेश सूचना 2022-23

विषय: विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी 2022-23) के आधार पर शास्त्री (बी.ए.) एवं बी.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीकरण के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अर्धशासकीय पत्र D.O. No. 2-17/2022(CPP-11), dated 9th September, 2022 के अनुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी), राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम दिनांक 15.09.2022 को घोषित किया जा चुका है।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में शास्त्री (बी.ए.) एवं बी.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपर्युक्त लिखित प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था, उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे सम्बन्धित कक्षा में प्रवेश हेतु अपना पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध विवरण/लिंक के अनुसार अनिवार्य रूप से करवाने का कष्ट करें। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार उक्त प्रवेश परीक्षा में प्राप्त स्कोर की वरीयता के अनुसार प्रवेश समिति के अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जायेगा। प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया से सम्बन्धित सूचना पृथक् से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी की जायगी।

क्र0सं0	पाठ्यक्रम का नाम	विषय	प्रवेश हेतु आर्हता
01	शास्त्री (बी.ए.)	वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीनव्याकरण, नव्यव्याकरण, फलितज्योतिष, सिद्धान्तज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, पुराणेतिहास, प्राकृत, सर्वदर्शन, प्राचीन न्यायवैशेषिक, नव्यन्याय, सांख्ययोग, जैनदर्शन, मीमांसा अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त।	1. उम्मीदवारों द्वारा सी.यू.ई.टी. 2022 प्रवेश परीक्षा में IA एवं IB भाग के किसी एक भाषा विषय में तथा अन्य वर्गो से किन्हीं तीन विषयों की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी एक विषय समूह से एक संस्कृत विषय की परीक्षा भी उत्तीर्ण की हो। 2. किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से बारवीं (10+2) परीक्षा में 40 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण। 3. अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष से अधिक नहीं हो। 4. एन.टी.ए. द्वारा सी.यू.ई.टी. 2022 प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जारी परीक्षा परिणाम में प्राप्त स्कोर के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर प्रवेश प्रदान किया जायेगा

02	बी.ए. योग	योग	1. उम्मीदवारों द्वारा सी.यू.ई.टी. 2022 प्रवेश परीक्षा में IA एवं IB भाग के किसी एक भाषा विषय में तथा अन्य वर्गों से योग विषय सहित किन्हीं तीन विषयों की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। 2. किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से बारवीं (10+2) परीक्षा में 40 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण। 3. अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष से अधिक नहीं हो। 4. एन.टी.ए. द्वारा सी.यू.ई.टी. 2022 प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जारी परीक्षा परिणाम में प्राप्त स्कोर के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय वेबसाई, पर निर्धारित पोर्टल https://slbsrsvcuet.samarth.edu.in/ दिनांक 15.10.2022 तक अपना पंजीकरण निश्चित रूप से करवाने का कष्ट करें। पंजीकरण हेतु 300/- रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा करवाना अनिवार्य होगा। तुदपरान्त निर्धारित समय सारणी के अनुसार सम्बन्धित प्रवेश समिति द्वारा प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। जिसके लिये अभ्यर्थियों को पृथक् से सूचना जारी की जायेगी।

नोटः प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट (slbsrsv.ac.in) पर उपलब्ध है। जानकारी हेतु अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/**Helpline Number: 011-46060503/548/542**

कुलसचिव